सं.डी-21013/1/2009-सामान्य प्रशासन
भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग

टेक्नोलाजी भवन, नया मेहरौली मार्ग,
नई दिल्ली – 110016

दिनांक: 3 जुलाई, 2009

सेवा में,

(सूची के अनुसार)

**विषय: डीएसआईआर के लिए सूचना प्रौद्योगिकी उपकरणों का प्रबन्ध।**

महोदय,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विभाग वित्तीय वर्ष 2009-10 के दौरान अनुबंध-क में विनिर्दिष्ट अनुसार कुछ सूचना प्रौद्योगिकी उपकरणों की अधिप्राप्ति करने का इच्छुक है। आपसे अनुरोध है कि निम्नलिखित निबंधन और शर्तों के अनुसार मुहरबन्द लिफाफे में अपनी निविदा भेजें:

**निबंधन एवं शर्तें**

क) अपेक्षित सामग्री की उद्धृत दरें अनुबंध-क में विनिर्दिष्ट विशिष्टियों के अनुसार होनी चाहिएं।

ख) टेंडर दस्तावेज का प्रत्येक पृष्ठ फर्म के प्राधिकृत हस्ताक्षरी द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिए। बिना हस्ताक्षर के दस्तावेज मान्य नहीं होंगे।

ग) उद्धृत दरें टेंडर को स्वीकार करने की तारीख से एक वर्ष के लिए वैध होंगी। निविदाएं अनुबंध-ख और अनुबंध-ग में दिए गए प्रारूप के अनुसार ही होनी चाहिएं। टेंडर का आवेदन करने वाली फर्म सभी मदों की आपूर्ति की इच्छुक होनी चाहिएं और उन्हें सभी मदों की दरें उद्धृत करनी चाहिएं।

घ) विभिन्न मदों की दरों में कर/वैट/परिवहन प्रभार सम्मिलित होने चाहिएं।

ड़) किसी भी प्रकार के संशोधन/ओवरराईटिंग फर्म के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा अधिप्रमाणित होनी चाहिए। ऐसा न होने पर निविदा पर ध्यान नहीं दिया जाएगा और निविदा अस्वीकृत कर दी जाएगी।

च) टेंडरकर्ता को आपूर्ति आदेशों की कम से कम 5(पाँच) प्रतियां संलग्न करनी चाहिए, जिनके अनुसार उसने केन्द्रीय सरकारी कार्यालयों को सूचना प्रौद्योगिकी उपकरणों की आपूर्ति की हो।

छ) टेंडरकर्ता के पास आयकर विभाग द्वारा आबंटित पैन होना चाहिए। (प्रमाण के लिए प्रति संलग्न होनी चाहिए)

ज) टेंडरकर्ता के पास सरकार द्वारा जारी टिन (वैट के लिए) होना चाहिए। (प्रमाण के लिए प्रति संलग्न होनी चाहिए)

झ) टेंडर के साथ कोई शर्त स्वीकार नहीं होगी।

ण) निविदा के साथ 5000/- रूपए (पाँच हजार रूपए मात्र) की बयाना जमा राशि के रूप में डीडीओ, डीएसआईआर के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट संलग्न किया जाए। बयाना की राशि पर किसी प्रकार का ब्याज नहीं दिया जाएगा और टेंडर को अंतिम रूप देने के पश्चात यह लौटा दी जाएगी।

प) सफल एजेंसियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे आपूर्ति आदेश देने की तारीख से 15 दिनों के भीतर अपेक्षित सामग्री की आपूर्ति करेंगे। किसी भी आधार पर किसी भी प्रकार से अग्रिम रूप से कोई भुगतान नहीं किया जाएगा। मूल्य टेक्नोलॉजी भवन, नई दिल्ली तक पैकिंग, पारवहन और रेल अथवा सड़क मार्ग से मालवाहक को भेजने के प्रभार एवं कानूनी उगाहियों, यदि कोई हो, सहित रेल पर्यन्त निःशुल्क होगा। इन मदों के लिए किसी अतिरिक्त शुल्क का कोई भुगतान नहीं किया जाएगा। यदि आपूर्ति की गई सामग्री की कोई मद विशिष्टियों के अनुसार नहीं होगी तो, डीएसआईआर उसे एकदम अस्वीकार कर सकता है। ऐसी अस्वीकार मदों को अस्वीकार की सूचना देने की तारीख के 7 दिनों के भीतर बदलना होगा। विनिर्दिष्ट समयावधि के भीतर सामग्री की आपूर्ति न करने अथवा अस्वीकृत सामग्री को बदलने में असफल रहने पर विलम्बित सामग्री के मूल्य के अधिकतम 5% तक की राशि दण्ड स्वरूप देनी होगी।

फ) इस संविदा के संबंध में उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रकार के विवाद के समाधान के लिए क्षेत्राधिकार केवल दिल्ली/नई दिल्ली के न्यायलयों का होगा।

निविदा दो भागों में होगी, तकनीकी बोली और वित्तीय बोली। तकनीकी बोली और वित्तीय बोली पृथक-पृथक मुहरबन्द लिफाफों में होनी चाहिए, तत्पश्चात ये दोनों लिफाफे एक तीसरे मुहरबन्द लिफाफे में होने चाहिएं, जिस पर स्पष्ट अक्षरों में 'सूचना प्रौद्योगिकी मदों की आपूर्ति के लिए निविदा' लिखा हो और अवर सचिव (सामान्य प्रशासन), वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग, टैक्नोलॉजी भवन, नया महरौली मार्ग, नई दिल्ली-110016 को संबोधित हो। यह निविदाएं 16 जुलाई, 2009 तक 3.00 बजे सायं तक टेक्नोलॉजी भवन के स्वागत कक्ष के नजदीक रखे डीएसआईआर के टेंडर बाक्स में डाली जाएं। ये निविदाएं उसी दिन अर्थात 16 जुलाई, 2009 को 4.30 बजे सायं कमरा सं0 38, टाइफैक ब्लाक, टैक्नोलॉजी भवन, नई दिल्ली-110016 टेंडरकर्ताओं/एजेंसियों अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों, जो उपस्थित होना चाहते हों, की उपस्थिति में खोले जाएंगे।

भवदीय

एस. के. कालड़ा

(एस.के. कालड़ा)
अवर सचिव, भारत सरकार

Annexure-A

## Specifications of Required Equipment

| Sl.No. | Name of the item | Make/Specifications | Nos. of requirement |
|---|---|---|---|
| 1 | Offline UPS | 1KVA with 30 minutes or more backup | 09 Nos. |
| 2 | Scanner | HP Make A-3 Size Flat Bed High Resolution | 02 Nos. |
| 3 | Window XP Operating System with Media | Multiple License complete OS with CD Media & documentation | 01 No. |
| 4 | Window Vista Operating Systems (Business) with Media | Multiple License complete OS with CD Media & documentation | 01 No. |
| 5 | Adobe Acrobat 9 | Adobe Acrobat 9 or Latest | 01 No. |

ANNEXURE –B

## PROFORMA (TECHNICAL BID)

1) Name of the Agency :

2) Address of the Agency :

3) Name of the Proprietor of the Agency :

4) Tel. Nos. of the Agency and Proprietor :

5) Details of the Ministries/Departments/Government offices in which the Agency had supplied I T equipment:-

| S.No. | Name of Ministry/Department/Govt. Office (copies of supply orders to be attached) | Name/Contact No of the client Ministry/Department/Office |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

6) PAN No. of the Agency (Copy to be attached) :

Contd p-2

7) TIN No. of the Agency :
(copy/proof to be attached)

8) Amount of EMD :

9) Draft No., Date and Name & Address of the Bank :

This is to certify that the above particulars are true and correct to the best of my knowledge and belief. This is also certified that this Agency is not black listed by any Government Department nor any criminal case is registered/pending against the Agency/Firm or its owners/Partner. Further, it is certified that I have read and understood the terms and conditions of the Tender Notice No. No.D-21013/1/2009/Gen.Admn dated - 3rd July, 2009 and will abide by this.

(Signature of Proprietor/authorized signatory)

Place:

Date:

Seal of Firm/Agency

**Annexure C**

**Proforma (Financial Bid)**

# Quotation for IT Equipment for DSIR

1 Name of the Tendering Firm/Agency:

2. Rates:

| Sl.No. | Name of the item | Make/Specifications | Rate per Item in figures |
|---|---|---|---|
| 1 | Offline UPS | 1KVA with 30 minutes or more backup | |
| 2 | Scanner | HP Make A-3 Size Flat Bed High Resolution | |
| 3 | Window XP Operating System with Media | Multiple License complete OS with CD Media & documentation | |
| 4 | Window Vista Operating Systems (Business) with Media | Multiple License complete OS with CD Media & documentation | |
| 5 | Adobe Acrobat 9 | Adobe Acrobat 9 or Latest | |

Date:
Place:

(Signature of the authorized person)
Full Name
Seal